हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

04 कर्नाटक में बंधक 17 मजदूरों और 20 बच्चों...



07 शहर के बाहर ही हो रहा विकास भीतर निकलना भी...



सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

## खबर संक्षेप

### उपयंत्री एवं जोन प्रभारी को स्वच्छ वार्ड रैंकिंग किए जाने के निर्देश दिए

**सागर।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत सभी उपयंत्री एवं जोन प्रभारी को नगर पालिक निगम सागर सीमा अंतर्गत विभिन्न प्रकार की श्रेणियों क्रमशः विद्यालय, अस्पताल, होटल/रेस्टोरेंट, कार्यालय, बाजार, स्वच्छ वार्ड/ रहवासी संघ/ मोहल्ला समितियों की रैंकिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा है कि सभी उपयंत्री एवं जोन प्रभारी आवंटित वार्डों के अंतर्गत आने वाली उपरोक्त श्रेणियों के संस्थानों आदि की आगामी माहों में प्रत्येक माह की वार्ड वार स्वच्छता रैंकिंग कर उसकी रिपोर्ट प्रत्येक माह की 30 तारीख तक स्वास्थ्य विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।

### कार्रवाई: पटवारी को किया गया निलंबित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकारणों को लंबित रखने, समय सीमा में कार्य न करने एवं हल्का में समय से उपस्थित न होने पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बता दें कि कलेक्टर द्वारा प्रशासन के बेहतर संचालन एवं प्रशासन तक आमजन की सुलभ पहुंच हेतु आपका प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया हैं जिसके तहत विकासखंड स्तर पर जनसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनसुनवाई शिविर केसली में कलेक्टर संदीप जी आर के समक्ष ग्राम ढेंचुआ के कृषकों द्वारा पट्टे में प्राप्त भूमि के नक्शा तरमीम, सीमांकन, कब्जों के संबंध में शिकायतें एवं पटवारी हल्के में समय से उपस्थित न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में संबंधित पटवारी सुनील सोनी द्वारा समक्ष में संतोषजनक जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### ग्राम बालोप में बने फ्रूट फॉरेस्ट का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने खुरई के ग्राम बालोप में बने फ्रूट फॉरेस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्रूट फॉरेस्ट के देखरेख कर रहे ग्राम पंचायत एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। खुरई के ग्राम बालोप में फ्रूट फॉरेस्ट तैयार किया किया गया है जिसमें लगे फलदार पौधों की सिंचाई के लिए पूरे फ्रूट फॉरेस्ट एरिया में लगभग 7 एकड़ भूमि में ड्रिप सिस्टम भी लगाया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीण विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी जी राम जी योजना

# भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी- योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पासः मंत्री प्रहलाद पटेल

**मजदूरों की महंगाई वृद्धि के आधार पर वेतन वृद्धि होगी, मजदूरों के लिए पर्याप्त मजदूरी उपलब्ध होगी, किसानों को नुकसान नहीं होगा, जी राम जी योजना रोजगार के अवसर प्रदान के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



ग्रामीण विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी जी राम जी योजना, मजदूरों की महंगाई वृद्धि के अनुसार वेतन वृद्धि होगी, मजदूरों के लिए पर्याप्त मजदूरी उपलब्ध होगी किसानों को नुकसान नहीं होगा, जी राम जी योजना रोजगारके अवसर प्रदान के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, अधिनियम से रोज़गार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी, भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी एवं योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास होगी। उक्त विचार पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने सागर में जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विधायक इंजी. प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह रापजूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी, जी राम जी जन जागरण अभियान टोली जिला संयोजक धीरज सिंह सह संयोजक चैन सिंह एवं अर्पित पांडे उपस्तिथ रहें।

पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना ग्रामीण रोज़गार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) तथा परिपूर्ण (सेचूरेशन) तरीके से सेवादृप्रदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचूरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोज़गार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मज़दूरी रोज़गार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

मंत्री पटेल ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है। बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। (धारा 6) श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोज़गार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है। यह अधिनियम मज़दूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है। उन्होंने कहा कि यह योजना टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार उपलब्ध कराएगी। जिसमें जल सुरक्षा एवं जल से संबंधित कार्य, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना, प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के प्रभाव को कम करने वाले कार्य शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत - रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम, 2025, विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरुप भारत की ग्रामीण रोज़गार व्यवस्था को नया और मज़बूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी -सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोज़गार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।



## मुख्यमंत्री के स्वागत में दीपावली की तरह सजा खुरई, भव्य स्वागत की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की यह खुरई यात्रा स्वागत, सत्कार और उनके अभिनंदन की दृष्टि से कीर्तिमान बनाएगी। मुख्यमंत्री का आगमन विकसित और समृद्ध खुरई के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। यह विचार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए व्यक्त किए। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने देर शाम अधिकारियों भाजपा पदाधिकारियों के साथ आमसभा स्थल व हेलीपेड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव खुरई के गुलाबरा बगीचा स्टेडियम स्थित हैलीपेड पर 12 बजे हैलीकाप्टर से उतरेंगे। यहां से विशेष रथ में सवार होकर रोड शो के रूप में पुरानी जनपद, परसा चैराहा, झंडा चैक, महाकाली मंदिर, डोहेला किला, पालीटेक्निक रोड होते हुए नवीन गल्ला मंडी के पास आमसभा स्थल पहुंचेंगे। इस दौरान खुरई की बुंदेली परंपरा से उनका अभूतपूर्व स्वागत होगा। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए खुरई नगर दीपावली की तरह सजाया गया है। पूरा नगर भाजपा के झंडों, मुख्यमंत्री के पोस्टर और फ्लैक्स से पट गया है। पूरे रास्ते में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के कटाऊट लगे हैं। रोड शो रूट पर लगभग 150 स्वागत मंच और सैंकड़ों स्वागत द्वार बनाए गए हैं। रोड शो के रुट पर सभी घरों से मुख्यमंत्री के रथ पर पुष्प वर्षा होगी। बुंदेली परंपरा के लोकनृत्य, लोकवाद्यों से सजे विभिन्न सांस्कृतिक दल रोड शो रूट पर मुख्यमंत्री के स्वागत में रहेंगे।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि बीते दस वर्षों में खुरई का विकास एक दूरगामी विजन के साथ किया गया है। प्रदेश के बड़े, सुंदर, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर शहरों में खुरई का अलग स्थान हो इस सोच के साथ खुरई में विकास-यात्रा की आधारशिला रखी गई थी। अधो संरचना गत विकास के साथ अब खुरई के औद्योगिक और आर्थिक विकास सहित चहुंमुखी विकास की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस विजन और संकल्प को पूरा करने के लिए खुरई के विकास की आकांक्षी खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री के स्वागत में इस खुरई यात्रा को स्वागत और अभिनन्दन की दृष्टि से यादगार बनाएगी। मुख्यमंत्री 312 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं।

## आपदा प्रबंधन पर हुई एकदिवसीय व्यावहारिक व सैद्धांतिक कार्यशाला



**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में कलेक्टर संदीप जी आर एवं संयुक्त कलेक्टर आरती यादव के निर्देशन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल की इंस्टेंट रिस्पांस टीम एवं टास्क फोर्स की प्रशिक्षण टीम द्वारा 'जिला आपदा प्रबंधन क्षमता विकास' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के समय त्वरित कार्यवाही करने, घायलों की मदद करने और जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करने के लिए तैयार करना था। एसडीईआरएफ टीम के कमांडेंट ललित उईके के मार्गदर्शन में कुशल प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कराया एवं बतलाया कि आपदा दो प्रकार की होती है प्राकृतिक और मानव निर्मित प्राकृतिक आपदाओं में मुख्यतः भूकंप बाढ़ सुनामी जैसी आपदाएं एवं मानव निर्मित आपदाओं में युद्ध हवाई हमले इत्यादि आते है। प्रायोगिक कौशल प्रशिक्षण के दौरान एसडीईआरएफ की टीम ने विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु शामिल रहे। प्राथमिक चिकित्सा जैसे रक्तस्राव रोकना, फ्रैक्चर होने पर पट्टी बांधना और बेहोश व्यक्ति को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की तकनीक।अग्निशमनः घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव और विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करने पर आधारित रही। बाढ़ एवं जल बचाव में पानी में डूबते व्यक्ति को बचाने के तरीके और स्थानीय संसाधनों (जैसे खाली बोतल, कैन) से 'लाइफ जैकेट' बनाना। भूकंप के दौरान स्टॉप, कवर और होल्ड तकनीक का अभ्यास करना बताया गया समीक्षा श्रीधर ने आपदा प्रबंधन उपकरणों की जानकारी दी और सीपीआर संबंधित आवश्यक जानकारी साझा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए कार्डिक अटैक होंने पर सही समय पर सीपीआर दे दिया जाएं तो उसकी जान बच सकती है। रामानंद ने सीपीआर का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ अमर कुमार जैन ने अंत मैं एसडीईआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आपदाएं बिना बताए आती हैं, ऐसे में किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस प्रकार का व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। प्रशिक्षित युवा समाज के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका महाविद्यालय के विद्यार्थी निभाएंगे।

## पानी की शुद्धता पर निगमायुक्त सख्त, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

# पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार लापरवाही से समझौता नहीं किया जाएगाः निगमायुक्त खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत शहर को प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने टाटा एवं एम पी यू डी सी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल शोधन संयंत्र पर किसी भी स्थिति में पानी की शुद्धता से समझौता नहीं किया जाएगा तथा नागरिकों को केवल मानक अनुरूप शुद्ध पेयजल ही उपलब्ध कराया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि राजघाट जल शोधन संयंत्र पर पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन तथा अन्य आवश्यक रासायनिक सामग्री अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखी जाए, ताकि पानी को निर्धारित मानकों के अनुसार शुद्ध कर आपूर्ति की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल शोधन की पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रतिदिन पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट तैयार कर निगम को उपलब्ध कराई जाए। खत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा यह विषय अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे समय-समय पर राजघाट जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करें तथा क्लोरीनेशन, फिल्ट्रेशन एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं की स्थिति की गहन समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

### स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 हेतु निगमायुक्त ने अतुल बहेरिया को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया



नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 में नगर निगम सागर की सहभागिता को और अधिक प्रभावी एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्री अतुल बहेरिया सागर ट्रैकर्स एंड एडवेंचर को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। निगमायुक्त द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में सक्रिय नागरिकों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है जो स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में जनसहयोग की भूमिका निभाएंगे।



## खबर संक्षेप



### अन्ना पशु बर्बाद कर रहे खेतों में किसानों की फसलें

**ललितपुर।** अन्ना पशुओं से परेशान किसानों ने जिलाधिकारी से जल्द कार्यवाही की मांग उठायी है। ग्राम पंचायत करमुहारा में अन्ना पशु/आवारा जानवरों द्वारा किसानों की फसलें नष्ट की जा रहीं हैं। इस सम्बन्ध में किसानों ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में बताया कि उनके गांव में वन विभाग की रेंज बनी हुयी है, जिसमें अन्ना पशु/आवारा जानवर आकर गांव में आतंक मचाये हुये हैं। खेतों में घुसकर फसलों को खराब कर रहे हैं और भगाने पर किसानों पर यही अन्ना पशु हमला कर देते हैं। इससे फसलों को नुकसान व जान का खतरा भी बना हुआ है। जानवरों से ग्राम गुरसौरा, सांकरवारकलां, इकलगुवां, तिलहरी, नौहरकलां इत्यादि गांव प्रभावित है। किसानों ने जिलाधिकारी से आवारा जानवरों को गांव में आने से रोके जाने के लिए उचित कार्यवाही की मांग उठायी है। पत्र देते समय राघवेन्द्र यादव, रामन सिंह, गोविन्द यादव, मुलाम सिंह, रहीश, गब्बर आदि मौजूद रहे।

### महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के मंडल प्रभारी बने पं. प्रमोद बबेले



**ललितपुर।** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में अग्रणी रहकर कार्य करने वाले पत्रकार पं.प्रमोद बबेले को भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा के आदेश पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेखा तिवारी ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने महिला हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से पत्रकार प्रमोद कुमार बबेले को संगठन का मंडल प्रभारी मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं नव नियुक्त मंडल प्रभारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कतव्र्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे।

### दुकानदार पर बिना जानकारी सिम चालू करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राममिलन पुत्र वीरन यादव ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे दो-तीन दिन पहले जानकारी हुयी कि उसके नाम से किसी दुकानदार ने एक मोबाइल नम्बर की सिम धोखे से उसका अंगूठा लगवाकर व उसकी फोटो खींचकर चालू कर दी थी। जिसका नम्बर भी उसके पास है। उसकी जानकारी के बिना चालू किये गये सिम कार्ड को लेकर उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही करने की मांग की। साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रास्ते में रोककर दंपती से मारपीट, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी संतोष कुमार पुत्र मौललाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को रात करीब 8.30 बजे वह महरौनी से अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ गांव जा रहा था। जैसे ही वह कृपाराम रिछारिया व कोमल कुशवाहा की दुकान के पास पहुंचा तो वहां मौजूद ग्राम धवारी निवासी रोहित राजा व पड़वां के अमोल सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने उसकी मोटर साइकिल को रोक लिया और डंडा लगाकर उसे गिरा दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। चिल्लाने पर कुलदीप पुत्र कोमल व राजन पुत्र मुकुट ने आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## जिला प्रशासन के अथक प्रयास से बंधनमुक्त कराए गए मजदूर

# कर्नाटक में बंधक 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत 37 लोगों को मुक्त कराया

### जन साहस संस्था के जरिए ललितपुर वापस लाए गए मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले की तहसील मड़ावरा अंतर्गत मध्य प्रदेश के बॉर्डर एरिया से लगे ग्राम पापड़ा और सौल्दा गांव से सागर जिले का एक ठेकेदार लोगों को मजदूरी के नाम पर अधिक रुपये दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। मजदूरों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाने की बात तय करते हुये ठेकेदार ने मजदूरों को कर्नाटक ले जाकर साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया। यह बात ललितपुर प्रशासन के अथक प्रयास से बंधन मुक्त कराकर ललितपुर वापस लाये गये मजदूरों ने बतायी।

गौरतलब है कि ललितपुर प्रशासन ने कर्नाटक में बंधक बनाकर रखे गए 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत कुल 37 लोगों को मुक्त कराया है। गुरुवार को सभी को ललितपुर लाया गया, जहां पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई। मजदूरों ने बताया कि उनसे जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दिए जाते थे। मुक्त कराए गए बच्चों में 14 वर्षीय दामिनी ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ काम पर गई थी। ठेकेदार ने उससे भी मजदूरी कराई और रोजाना 12 घंटे काम कराया। सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा दिया जाता था, जो पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण कई बार उसे भूखा रहना पड़ता था। 14 वर्षीय किशोर ने बताया कि वह भी परिजनों के साथ गया था और मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी। वहीं 11 वर्षीय किशोर ने बताया कि उनसे सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक काम कराया जाता था। शाम को उनसे ही ट्रक लोड कराया जाता था।

#### प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया

मजदूर जीवन ने बताया कि सागर निवासी एक ठेकेदार जिसका नाम भाईजान बताया जा रहा है उन्हें 28 अक्टूबर को गन्ना कटाई के लिए प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया। वहां से महाराष्ट्र नागपुर के चंडी ले जाया गया, जहां 15 दिन कपास की कटाई कराई गई। इसके बाद दीपक नामक युवक उन्हें 50 किलोमीटर दूर ले जाने की बात कहकर ट्रक से करीब 400 किलोमीटर दूर कर्नाटक ले गया और बागलकोट जिले की बदामी तहसील के ग्राम निरालगी में अशोक मुंडा के पास छोड़ दिया। यहां उनसे रोज सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक गन्ना कटाई और ट्रक में गन्ना भरवाने का काम कराया जाता था। भागने की कोशिश करने पर उन्हें पकड़कर वापस ले आया जाता था। मजदूरों ने बताया कि सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा और ढाई सौ रुपए दिए जाते थे। मजदूरी मांगने पर गोविंद और रामावतार के साथ मारपीट की गई। करीब ढाई महीने तक सभी को बंधक बनाकर रखा गया और मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। दो नाबालिग बच्चों से भी गन्ना कटाई कराई जा रही थी। किसी तरह मजदूर राजकुमार ने 29 दिसंबर को मोबाइल से घर फोन कर पूरी जानकारी दी। इसके बाद गोरेलाल निवासी सोल्डा की पत्नी वती ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से शिकायत की। जिलाधिकारी ने तुरंत कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया। सहरिया आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही जन साहस स्वयंसेवी संस्था की टीम जिला कॉर्डीनेटर राजेश कुमार के नेतृत्व में 1 जनवरी को कर्नाटक रवाना हुई और 3 जनवरी को कर्नाटक प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूरों और बच्चों को मुक्त कराया गया।

#### बागलकोट जिले के बादामी थाने में ठेकेदार पर एफआईआर

बताया जा रहा है कि बागलकोट जिले के बादामी में तैनात राजस्व निरीक्षक हुसैनसाब लालसाब चौधरी ने महाराष्ट्र के जिला बीड दैपर निवासी दीपक श्रीहरी तोंबरे व अशोक मलुराम मुंडे के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में शिकायती पत्र दिया है। शिकायत के आधार पर कर्नाटका पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 (3) व बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 की धारा 16, 17, 18 व 19 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र दिया

# क्रय प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत ग्राम पंचायत जखौरा के निवासी राज पाण्डेय पुत्र स्व.बालकिशन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने माता-पिता के गुजर जाने के बाद और स्वयं के बनारस में अध्ययनरत होने का लाभ उठाकर एक व्यक्ति द्वारा क्रयशुदा प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिये जाने का आरोप लगाया है। राज पाण्डेय ने डीएम को बताया कि उसका एक आवासीय प्लाट जखौरा में बीएसएनएल टॉवर के पास बुडेरा रोड पर है। उक्त प्लाट पर 8 सितम्बर 2006 को घनश्याम पुत्र नन्ना कुशवाहा से उचित प्रतिफल देकर जरिए रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। उक्त प्लाट उसके पिता बालकिशन पुत्र लक्ष्मन पाण्डेय के नाम से दर्ज कागजात माल है। बताया कि वह संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत है। इस कारण उसका जखौरा आना-जाना कम होता है। माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने का लाभ उठाकर ग्राम गुलेंदा के मजरा कसा निवासी एक व्यक्ति ने उसके क्रयशुदा प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से मकान निर्माण कर लिया है। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# महिलाएं करती रहीं शिकायत, जेसीबी से मकान गिराया, एफआईआर की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मकान की मरम्मत कराते समय दूसरे मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एकराय होकर काम बंद करा दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा निवासी मुन्नू राजा पत्नी स्व.अजीत सिंह व छत्रसालपुरा निवासी संगीता नायक पत्नी मनीष नायक ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजघाट रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के सामने आरामशीन के बगल में उनका एक मकान स्थित है। 26 दिसम्बर को वह मकान की मरम्मत करा रहे थे। तभी घुसयाना निवासी पूरन सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह, सौरभ सिंह पुत्र पूरन सिंह, गजेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, रामसिंह पुत्र जगदीश सिंह, शिवानी पुत्री रामसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, सुम्मेर सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह व इनके घर की महिलाएं एकजुट होकर आये और मौके पर विवाद करने लगे। आरोप है कि धमकी देते हुये उक्त लोगों ने काम बंद न करने पर हड्डियां तोडने और जान से मार डालने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र एसपी, कोतवाली व मण्डी चौकी पुलिस को दिया था। बताया कि 7 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जब वह मौके पर मरम्मत कार्य देखने पहुंचे तो देखा कि उक्त लोगों द्वारा बने हुये कमरे तोड़ रहे थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। शाम 4 बजे फिर से डायल 112 पर कॉल किया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, इधर फोन पर खबर मिली कि उक्त लोगों ने जेसीबी से बाउण्ड्रीबाल सहित पूर्ण निर्माण ध्वस्त कर दिया। मौके पर पहुंचने पर पूरन सिंह ने गालियां दीं। पीड़िताओं का आरोप है कि उनके बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उनका मकान जमींदोज कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बिना नंबर प्लेटों की गड़ियों से आए हमलावरों ने डेयरी संचालक को पीटा, सात पर नामजद रिपोर्ट

**ललितपुर।** बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिलों से आये दबंगों ने एक युवक के साथ बेसवॉल के डंडों, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुराना सूचना केन्द्र के पास दूध डेयरी संचालन कर रहे युवक पर हुये हमले को लेकर यहां लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से एक युवती ने घायल युवक के छोटे भाई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज करायी है।

सरस्वती शिशु मंदिर के पास रहने वाले यश बबेले पुत्र कृष्ण गोपाल बबेले ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि बुधवार की रात करीब 8.10 बजे वह अपनी दूध डेयरी की दुकान जो कि सूचना केन्द्र के पास गोस्वामी मेडिकल के सामने है को चला रहा था। तभी वहां एकराय होकर आजादपुरा निवासी शिवम शर्मा (पठान), शक्ति बाल्मीकि, दम्मू के कुंआ के पास रहने वाले राज राजा, संजू रायकवार, दिनेश यादव अपने आठ अज्ञात लोगों के साथ बिना नम्बर प्लेट के दो पहिया वाहनों से आये और उसके साथ बिना कारण मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों, लोहे की रॉड से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर, छाती, अंधरूनी व बाहरी चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घटना को विशाल राजपूत, प्रिंस प्रजापति, प्रिंस राजपूत, सिद्धार्थ कटारे, गौरव रावत, नीतेश तिवारी, बब्लू गोस्वामी ने देखा और बचाव किया। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने दोपहर करीब 11.45 बजे उसके छोटे भाई शिव बबेले पुत्र परशुराम बबेले के साथ भी मारपीट की थी और उक्त व्यक्तियों में से दिनेश यादव ने अपनी पुत्री से झूठे मुकद्में में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद व अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### *युवती ने शिव बबेले पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप*

*बीस वर्षीय युवती ने शिव बबेले पर पिछले चार-पांच दिनों से छेड़छाड़ करने और उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि बुधवार को शाम करीब 7 बजे उसके घर शिव बबेले व आरएमव्ही कॉलेज के पास काशीराम कालोनी निवासी राहुल यादव ने घर में घुसकर उसको गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की गयी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर शिव बबेले व राहुल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 351 (3), 352, 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना का आश्वासन

## समाज ने बैठक कर जताया आक्रोश, जल्द स्थापना की मांग



**ललितपुर।** जिला राठौर समाजकी जिला प्रभारी समिति की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मां शारदा मिलन पैलेस में भाजपा नगराध्यक्ष भगत सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रभारी अशोक राठौर पूर्व पार्षद ने कहा कि अबसे 7, 8 माह पहले नगर पालिका सभी सभासदों द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती लगाने जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया था, नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया हुई और आज से 6 माह पूर्व टेण्डर पास हुआ और टेण्डर होने के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा मूर्ती स्थापना नहीं कराई गई। संचालन करते हुए विनोद राठौर (मुनीम) जिला प्रभारी राठौर समाज द्वारा कहा गया कि कई बार जिला राठौर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के ई.ओ. साहब एवं चैयरमैन प्रतिनिधि से सम्पर्क किया उनके द्वारा आज तक मूर्ती के बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया गया कोरे आश्वासन दिये गये। कभी ई.ओ. साहब चैयरमैन की कहते तो कभी चैयरमैन प्रतिनिधि ई.ओ. साहब की कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। आगे वक्ताओं में जिला प्रभारी रवि राठौर एवं जिला प्रभारी चन्द्रशेखर राठौर द्वारा नगर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया समाज में भारी रोष व्याप्त है और नगर पालिका द्वारा अति शीर्घ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति नहीं लगाई जाती है तो जिला प्रभारी समिति एवं जिला राठौर समाज द्वारा उग्र अन्दोलन करने का मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। बैठक में जिला प्रभारी समिति के पूर्व पार्षद अशोक राठौर, विनोद राठौर (मुनीम), रवि राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर के अलावा शिब्बू राठौर (पत्रकार), रामप्रसाद राठौर (सूरी), राजकुमार राठौर (सूरी), सुरेश कुमार राठौर, उमाशंकर राठौर, सनत कुमार राठौर, मगन लाल राठौर, रघुवीर सहाय राठौर, राजू राठौर, अजय राठौर, राजेश राठौर, कैलाशनारायण राठौर, संजय राठौर आदि उपस्थित रहे सभा संचालन विनोद राठौर (मुनीम) ने किया आभार जिला प्रभारी अशोक राठौर (पूर्व पार्षद), रविशंकर राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर आदि ने संयुक्त रूप से किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर ने दी है।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

# सिद्धंनपुरा व नेहरू नगर के आवागमन का रास्ता रेलवे पर बंद करने का आरोप



**ललितपुर।** वर्षों पुराना आम रास्ता जो कि नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा में रहने वाले लोगों को आवागमन के लिए सुलभ है को नियमों पर ताक पर रखकर रेलवे अधिकारियों द्वारा बंद करने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत कर्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में डीएम ललितपुर व डीआरएम झांसी को 19 दिसम्बर को पत्र दिया गया था, जिसमें उन्होंने टीम बनाकर समस्या निस्तारण करने की मांग उठायी थी पर ध्यान दिये जाने की मांग उठायी है। आरटीआई कार्यकर्ता कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री समेत रेलवे के बड़े अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया कि ललितपुर के वार्ड नं. 1 सिद्धंनपुरा के लोगों को रेलवे स्टेशन जाने एवं रेलवे ब्रिज से आवागमन के लिए आम रास्ता वर्षों पुराना बना हुआ है, जो कि तीसरी लाइन बनाये जाने पर खोद डाली गयी। उक्त आम रास्ता पर टोटल सीमेंट, पिलर, गाटर डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके सम्बन्ध में नई दिल्ली व डीएम को 16 दिसम्बर को शिकायती पत्र दिया गया, जिसमें डीएम ने 19 दिसम्बर को पत्र प्रेषित कराते हुये नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा के लोगों की समस्या के लिए राजस्व विभाग, रेल विभाग की टीम बनाकर समस्या निराकरण करने की अपेक्षा की गयी। आरोप है कि डीआरएम झांसी ने गौर नहीं किया। उन्होंने प्रधानमंत्री व रेलवे के आलाधिकारियों से जनहित में उक्त समस्या के निस्तारण की मांग उठायी है। पत्र पर कन्हैयालाल विश्वकर्मा, महेन्द्र प्रसाद पांचाल एड., इन्द्रपाल सिंह के हस्ताक्षर अंकित हैं।

## 90 से 95% अपराधों का खुलासा फुटेज की मदद से हुआ इसलिए

# जिलेभर में लगाए जाएंगे 5 हजार सीसीटीवी

### अपराध नियंत्रण की दिशा में विदिशा पुलिस का 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



- निजी व संस्थानों के सहयोग से मजबूत होगी निगरानी व्यवस्था

विदिशा जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और अपराधियों की त्वरित धरपकड़ के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रारंभ इस अभियान के तहत जिले के अधिकतम क्षेत्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लाने की पहल की जा रही है।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि पुलिस के अनुभव के अनुसार 90 से 95 प्रतिशत अपराधों का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से ही संभव हुआ है। ऐसे में जिले के कुछ ऐसे क्षेत्र, जहां अभी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां अपराध नियंत्रण में कठिनाई आती है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी में समय लगता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। एएसपी श्री चौबे ने बताया कि इस अभियान में शासन स्तर के साथ-साथ निजी, संस्थागत और सामाजिक

संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है। अभियान की शुरुआत में ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 25 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई, जिससे विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस द्वारा कॉलोनियों, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स, दुकानों और बाजारों में कैमरे लगाने के लिए शहरवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। यह भी सलाह दी जा रही है कि लगाए गए कैमरों में से कम से कम एक कैमरा सड़क की ओर हो ताकि बाहरी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। यह अभियान केवल विदिशा शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि पठारी, गंजबासौदा और सिरोंज में भी व्यापारी वर्ग और निजी संगठन इसमें सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि पूरे विदिशा जिले में लगभग 5 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे अपराधियों के लिए जिले में अपराध करना मुश्किल हो और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। जिले में घट रहे अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सीसीटीवी कैमरों की मदद मिलने से पुलिस तुरंत अपराधियों तक पहुंच जाती है। कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज मिलने से आरोपियों की पहचान करना आसान हो जाता है और पुलिस आरोपियों को धर दबोचती है।

### महिला के सेंट्रल बैंक में जमा 34 हजार गायब

#### पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरू नगर अंतर्गत जुगपुरा रोड काली माता मंदिर के पास रहने वाली गोराबाई पत्नी बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि बीती 31 दिसम्बर को वह सेन्ट्रल बैंक पैसा निकालने गयी थी, तो उसे पता चला कि उसके खाते में रुपये नहीं हैं, जबकि उसके खाते में 34 हजार रुपये था। जब उसने बैंक वालों से बात की तो जानकीर हुयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 दिसम्बर को तीन बार 10 हजार रुपये निकाला गया तथा एक बार उसके खाते से 3848 रुपये निकाला गया, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### कवि लेखक समागम का तृतीय सोपान 11 को

**विदिशा।** नगर की साहित्यिक संस्था प्रयास के तत्वावधान में आगामी 11 जनवरी को कवि–लेखक समागम–25 के तृतीय सोपान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। समागम के प्रथम चरण में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन मनाया जाएगा। द्वितीय चरण में विदिशा नगर के कवि एवं लेखक अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के श्रेष्ठ पांच साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा। ये सम्मान पूर्व वर्षों की भांति विदिशा के दिवंगत एवं प्रतिष्ठित साहित्यकारों की स्मृति में प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति में कामरेड माधोसिंह, गोविन्द देवलिया एवं बृज श्रीवास्तव शामिल हैं। समिति सदस्य गोविंद देवलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कवि–लेखक समागम श्रृंखला का तीसरा चरण है, जिसमें नगर के साहित्य-रसिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## पार्किंग और वैकल्पिक बाईपास के अभाव में रोज लग रहा जाम

# शहर के बाहर ही हो रहा विकास भीतर निकलना भी हो रहा दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शायद जिला मुख्यालय श्योपुर मध्य प्रदेश का इकलौता ऐसा शहर होगा जहां बाजारों में पार्किंग की सुविधा नहीं है। लोग इधर-उधर कहीं भी अपने वाहनों को पार्क कर यातायात प्रभावित करते रहते हैं। हालांकि बेतरतीब तरीके से इधर-उधर वाहनों को पार्क कर देने पर यातायात पुलिस द्वारा संबंधित वाहनों के मालिकों पर चलानी कारवाई कर दंडित किया जाता रहता है, लेकिन अफसर भी इस बात को समझते हैं कि जब शहर में ही कहीं पार्किंग ही नहीं है तो फिर लोग अपने वाहनों को इधर-उधर तो खड़े करेंगे ही। यही सोच कर चालानी करवाई भी महज औपचारिक रहती है। पार्किंग अभाव के साथ-साथ यातायात बाधित करने वाली मुख्य समस्या बाजारों में वन वे व्यवस्था नहीं होता है। संकीर्ण यातायात से निजात दिलाने के प्रयास पूर्व में वैकल्पिक बाईपास के रूप में सोचे तो गए लेकिन यह सकारात्म सोच हमेशा अमल को तरसती रह गई।



### ट्रांसपोर्ट शिफ्ट हुआ न बने आंतरिक बाईपास

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला यातायात प्रबंधन समिति की बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर की सहर से बाहर बंजाराम के ऊपर ले जाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए सरकारी जमीन भी आवंटित हो चुकी है। इसके अलावा शहर में वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए आंतरिक बाईपास बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन उक्त निर्णय आज भी अमल को तरस रहे हैं।

शहर के समग्र विकास के उद्देश्य से सरकार ने जिला यातयात प्रबंधन समिति का गठन किया है। इस समिति के अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री रहते हैं, कलेक्टर पदेन सचिव होते हैं। स्थानीय सांसद और विधायक गण, एसपी, नपाध्यक्ष सहित सभी विभागों के अधिकारियों की शामिल किया गया है। यह समिति शहर के विकास की प्लानिंग तैयार करती है। समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के तहत नगरपालिका को दूसरे विभाग सहयोग करते हैं। कृष्णा गुप्ता की अध्यक्षता वाली परिषद से लेकर आज तक कई बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर कभी नगरपालिका ने अमल नहीं किया। शहर की लघर और बदहाल यातायात व्यवस्था ओर अधिक बदहाल होती चली गई। इस संबंध में एडीएम रूपेश उपाध्याय का कहना है कि शहर में लगने वाली जाम की समस्या का निदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे।

### बाईपास के लिए जमीन ली,टेंडर लगा दिया शॉपिंग मॉल का

शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से निजात पाने के उद्धेश्य तत्कालीन कलेक्टर प्रतिभा पाल ने नगरपालिका प्रशासक की हैसियत से नगर स्तंभ से पुराना अस्पताल परिसर के भीतर होते हुए बड़ौदा रोड कबीर आश्रम के पास तक बाईपास निकाले जाने की योजना बनाई थी। कलेक्टर की पहल पर दोनों विभाग उक्त भवन के भीतर से बाईपास निकाले जाने पर सहमत भी थे। जमीन नगर पालिका को हैंडोवर के लिए पत्र भी स्वास्थ्य विभाग ने लिख दिया था पर जमीन हैंडोवर भी हो चुकी थी। लेकिन प्रतिभा पाल का ट्रांसफर होने के बाद यह प्रक्रिया रुक गई और बाद में गठित हुई रेनू राठौर की परिषद ने अस्पताल परिसर में शॉपिंग मॉल बनाने का टेंडर लगा दिया। जिससे नाराज स्वास्थ विभाग ने उक्त अनुबंध को निरस्त कर दिया और अपने विभाग को लिखकर उक्त जमीन को हैंडोवर करने से मना कर दिया इसके बाद ना तो बाईपास निकाला और न ही वाहन पार्किंग बन सका। नगर पालिका के व्यावसायिक विकास की मानसिकता ने सुविधाजनक विकास के शुरू होने से पहले ही योजना पर विराम लगा दिया।

### पार्किंग के अमल को तरसे निर्देश

शहर में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग व्यवस्था नहीं होना है। जब भी यातायात प्रबंधन समिति की बैठक हुई तब शहर में पार्किंग स्थल विकसित करने का निर्णय जरूर लिया गया। इसके लिए पुराना बस स्टैंड पर जीप कार चाहन पार्किंग मेला ग्राउंड एवं पुराना अस्पताल चीर घर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पार्किंग, पुराना अस्पताल गांधी पार्क के पास कार बाइक पार्किंग जैसे निर्णय लिए जाते रहे, लेकिन आज तक इन पर अमल नहीं हुआ।

## भक्तों के सदा निकट रहते हैं भगवान : महाराज

# भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीलाओं का वर्णन मधुर भजनों पर भावविभोर होकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित एकीकृत बस स्टैंड में आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पांचवे दिन शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

कथाव्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म के बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए अपनी सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजा था। पूतना ने वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसका वध कर दिया। इसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए उनकी पूजा कर रहे थे। भगवान कृष्ण ने उन्हें इंद्र की पूजा करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजा करने की बात कही। इंद्र भगवान यह सुनकर क्रोधित हो गए और उन्होंने अपने क्रोध से भारी वर्षा शुरू कर दी। समस्त ब्रजवासियों को परेशान देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठा लिया और पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे आश्रय दिया। अंततः इंद्र को अपनी हार माननी पड़ी और उन्होंने वर्षा बंद कर दी, जिसके बाद ब्रज में कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे गूंज उठे। इस दौरान मधुर भजनों पर भक्तजन भावविभोर होकर झूमे और जमकर नाचे।



कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाए यह दर्शाती है कि भगवान अपने भक्तों के सदा निकट रहते है और प्रेम से उनके जीवन में सम्मिलित रहते है। कथा का श्रवण करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# प्रिंसिपल संग बैठक कर बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने पर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने गुरुवार को खंड स्तरीय संकुल प्रिंसीपलों की बैठक लेते हुए परीक्षा परिणाम कैसे सुधारा जाए इस विषय पर विचार विमर्श किया और राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा बोर्ड परीक्षा सुधारने के दिए गए निर्देश के क्रम में आयोजित हुई बैठक में विगत वर्ष हाई स्कूल/हायर सेकंडरी विद्यालयो में 80% से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। सभी प्राचार्यों को इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में वृद्धि करने हेतु सुझाव दिए गए जिनमें कमजोर बच्चों को कार्यरत शिक्षकों में समान रूप से वितरण कर उत्तीर्ण होने की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। बच्चों को गत 4 वर्षों के प्रश्नपत्र को हल कर, वन लाइनर के माध्यम से अध्ययन कराया जाए। साप्ताहिक प्रगति जानने हेतु बच्चों के टेस्ट लिए जाए। समय - समय बैठक लेकर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए आदि सुझाव दिए।



# घुमक्कड़ जाति लोहपीटा समुदाय और सहरियाओं को ओढ़ाए कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीड़ित मानवता की सेवार्थ जेसीआई द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय अभियान के तहत शुक्रवार को सलापुरा स्थित आदिवासी बस्ती में पहुंचे सदस्यों ने ठंड से ठिठुरते गरीबों को कंबल ओढ़ाए। इस दौरान नहर किनारे आसमान तले ठंड में सोने को मजबूर लोह पीटा समुदाय को भी कंबल देकर उन्हें पड़ रही भीषण ठंड से बचाने का प्रयास किया गया।



जेसीआई के 2026 के अध्याय अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग ने बताया कि गरीबों और जरूरतमंदों को पड़ रही भीषण सर्दी से बचाने के उद्देश्य से जेसीआई द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय अभियान का समापन सलापुरा बस्ती में ठंड से ठिठुरते सहरिया जनजाति के गरीब लोग जिनके पास पहनने को कपड़े तक नहीं है उन्हें कंबल ओढ़ाए गए। इस दौरान आसमान तले खुले में रहने को मजबूर घुमक्कड़ जाति लोहपीटा समुदाय को भी कंबल, दरी, गद्दा, रजाई आदि सामग्री आवश्यकतानुसार वितरित की गई। इस दौरान जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष आशीष चौहान, दीपक मंगल, वर्तमान अध्यक्ष जितेन्द्र गर्ग, सचिव राहुल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नकुल सोनी, कुबेर गोयल, संतोष अग्रवाल, दिनेश गर्ग, प्रणव चौहान, रोहित शर्मा, विनय गोयल आदि संस्था से जुड़े साथी मौजूद रहे।

# प्रियंका ने की बार काउंसिल ऑफ इंडिया परीक्षा उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के अम्बेडकर नगर वार्ड नं 11 में रहने वाली प्रियंका बैरवा ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। राम विलास बैरवा की पुत्री प्रियंका ने बर्ष 2024 में महात्मा गांधी लॉ कॉलेज ग्वालियर से एलएलबी की पढ़ाई की, उसके बाद स्टेट बार काउंसिल ऑफ जबलपुर मध्यप्रदेश में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब प्रियंका अब जिला एवं सत्र न्यायालय श्योपुर में अपनी वकालत शुरू कर सकेंगी। साथ ही वह जज बनने के लिए परीक्षा में भी बैठ सकती है। उन्हें यह सफलता मिलने के बाद उनके परिवार और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।



### शंकरपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**श्योपुर।** आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के द्वारा शंकरपुर कॉलोनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ.अनूप कुमार सोनी एवं डॉ. कौशल श्रीवास्तव द्वारा 25 महिला एवं 37 पुरूष सहित 62 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में सुनील कुमार पाण्डे, दीतू पटेलिया एवं धर्मेन्द्र परमार के द्वारा औषधि वितरण एवं योग परामर्श दिया गया। हितग्राहियों को आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या योग आदि के बारे में बताया गया।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 को ऑडिटोरियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय आयोजन शिवपुरी रोड स्थित नगरपालिका के ऑडिटोरियम में प्रातः 09 बजे से होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिला स्तर पर सामुहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी तथा डीईओ एमएल गर्ग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानो में भी प्रातः 09 बजे से 10.30 बजे तक सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा। सामुहिक सूर्य नमस्कार एवं प्रणायाम के पूर्व आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम्, स्वामी विवेकानंद जी वाणी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का प्रसारण होगा। इसके उपरांत सामुहिक सूर्य नमस्कार एवं प्रणायाम की विभिन्न क्रियाएं संपन्न कराई जायेगी।

### कन्या महाविद्यालय में शिविर आयोजित

**श्योपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिविसेना श्योपुर कपिल मेहता के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं को बताया कि हमें स्वामी विवेकानंद से आत्मविश्वास, अनुशासन व समर्पण की भावना को अपने जीवन में अपनाना चाहिए क्योकि यह तीनों गुण ही एक अच्छे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। साथ ही छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, नालसा की स्कीम नशा पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर नालसा की स्कीम बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व सहायता योजना, व नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 के महत्वता से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ठगी का शिकार हुआ युवक, चार संदेहियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुआ युवक विजयपुर का ही निवासी है। पुलिस ने चार संदेहियों के खिलाफ धोखाधाड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। विजयपुर टीआई भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि विजयपुर निवासी सोम गुप्ता ने मोबाइल पर आए मैसेजो के झांसे मे आकर दो गुना मुनाफे के लालच में आकर मार्च-अप्रैल माह के दौरान 4 लाख 67 हजार 765 रूपए की राशि शेयर मार्केट में लगा दी। ठगी शिकार करने वाले लोगों के द्वारा सोम गुप्ता को दो गुना मुनाफा होने का लालच दिया था। लेकिन उसे मुनाफा होना दूर की बात मूल राशि भी हाथ से निकल गई। इसके बाद सोम गुप्ता ने इस मामले की रिपोर्ट विजयपुर थाने आकर दर्ज कराई। इस मामले में जांच पडताल के बाद चार संदेहियो धीरज सिंह, प्रिया, आलोक, अमित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## पुलिस विभाग में लंबे इंतजार के बाद निकली थाना प्रभारियों की तबादला लिस्ट

# अब सत्यम होंगे कोतवाली टीआई चौहान को सौंपी बडौदा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के पुलिस विभाग में लंबे इंतजार के बाद थाना प्रभारियों की तबादला लिस्ट जारी हुई है। शुक्रवार की देर शाम को जारी हुई इस तबादला लिस्ट में कई थाना प्रभारियों की अदला बदली कर दी गई है। पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा जारी किए तबादला आदेश के अनुसार अब श्योपुर कोतवाली के नए टीआई सत्यम सिंह गुर्जर होंगे। जबकि कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान को बडौदा टीआई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मानपुर टीआई पीएस यादव को लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह लाइन में पदस्थ टीआई सतीश कुमार दुबे को मानपुर टीआई बनाया गया है। अजाक टीआई महाराज सिंह वघेल को महिला थाना टीआई बनाया गया है। बडौदा थाने में पदस्थ उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा को अगरा थाना प्रभारी बनाया गया है। रघुनाथपुर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मालवीय को थाना प्रभारी आवदा तथा आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी को देहात थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि देहात थाना प्रभारी शशि तोमर को रघुनाथपुर थाना प्रभारी बना दिया गया है। उप निरीक्षक प्रदीप सिंह तोमर को दुर्गापुरी चौकी प्रभारी बनाया गया है।




### सर्दी से राहत मिली तो अब सोमवार को ही स्कूल जा पाएंगे बच्चे

**श्योपुर।** चल रही शीत लहर ने पारा को गिराने का काम किया है। अचानक बढ़ी सर्दी से बच्चों को बचाने के उद्धेश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर स्कूल और आंगनबाड़ियों पर बच्चों का दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया गया है। अगर सर्दी की ठिठुरन बरकरार रही तो छुट्टियां ओर बढ़ाई जा सकती हैं, नहीं तो अब स्कूल आंगनबाड़ी बच्चों के लिए सोमवार को ही खुलेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले भी दो दिन का अवकाश स्कूल आंगनबाड़ी का किया जा चुका है कुल मिलाकर सप्ताह में चार दिनों का अवकाश सर्दियों के कारण किया जा चुका है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने नर्सरी से लेकर आठवीं तक वाले स्कूल के बच्चों का 9 और 10 जनवरी का अवकाश घोषित कर दिया है लेकिन कुछ स्कूलों में इस समय पेपर भी कराई जा रहे हैं जिनका शेड्यूल इस छुट्टी से बिगड़ सकता है साथ ही परीक्षा से ठीक पहले छुट्टियां लगने से भी परीक्षा फल में गिरावट आ सकती है ऐसी स्थिति में कुछ स्कूलों ने ऑनलाइन क्लास भी शुरू की है पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में इन दिनों विद्यार्थियों की ऑनलाइन क्लास ली जा रही है ताकि बच्चे परीक्षा में पूरी तैयारी से बैठें।

## कराहल में विराट हिंदू सम्मेलन भव्यता के साथ संपन्न

# भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म लेना ही हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है:विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कराहल

भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म लेना ही हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने शुक्रवार को कराहल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री बांके बिहारी मैरिज गार्डन में आयोजित इस सम्मेलन ने हिंदू एकता, सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया।

हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा पालीवाल चौक एवं मुख्य मार्गों से होती हुई बांके बिहारी मैरिज गार्डन पहुँची। हाथों में भगवा ध्वज, "जय श्रीराम" के गगनभेदी उद्घोष, महिलाओं के सिर पर आम्रपत्र एवं श्रीफल से सजे माटी के कलश, डीजे पर गूंजते भक्ति संगीत तथा घरों की छतों से होती पुष्पवर्षा ने संपूर्ण वातावरण को भक्ति, सनातन और हिंदुत्वमय बना दिया। सम्मेलन में संत समागम के अंतर्गत संत समाज के जिला अध्यक्ष श्रद्धेय रामदास महाराज, राष्ट्रीय संत वटुकाचार्य महाराज, नोनार सरकार धाम के पीठाधीश्वर संत गोपाल दास महाराज, जमुना दास महाराज आश्रम के सेवाधारी गृहस्थ संत, सुखलाल आदिवासी, कलमी आश्रम के संत मोहन दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौर एवं सहसंयोजक सत्येंद्र मुदगल द्वारा संतों एवं अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं अंगवस्त्र से सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिर्राज पालीवाल द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता विमल गुप्ता ने अपने ओजस्वी संबोधन में वर्तमान समय में हिंदू समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मातृशक्ति से बच्चों को संस्कारवान बनाने का आग्रह करते हुए शिवाजी और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत किए तथा कहा कि मजबूत संस्कार ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। रामायण एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों के प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने समकालीन सामाजिक घटनाक्रमों पर सारगर्भित प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की सामूहिक आरती के साथ श्रद्धा और राष्ट्रभाव के वातावरण में संपन्न हुआ। इसके पश्चात सम्मेलन में उपस्थित समस्त हिंदू भाई-बहनों ने एक साथ पंक्तिबद्ध होकर सामूहिक भोजन ग्रहण किया, जो सामाजिक समरसता और हिंदू एकता का सजीव उदाहरण बना।




### 'राम भक्त ले चला रे राम की निशानी'

बौद्धिक उद्बोधन के दौरान संत महात्माओं ने समाज से आह्वान किया कि जातियों में विभाजित होने के बजाय अपनी पहचान केवल हिंदू के रूप में रखें और हिंदू होने पर गर्व करें। उन्होंने कहा कि हमारी जाति हिंदू है और हमारी संस्कृति सनातन है। इसके पूर्व नोनार सरकार धाम के महंत गोपाल दास महाराज द्वारा प्रस्तुत भजन "राम भक्त ले चला रे राम की निशानी" ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं आईसीडीएस कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषण विषय पर प्रस्तुत लघु नाटिका ने सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत जोशपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति "अबके बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे" ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह भर दिया।



### बगडुआ में निकली कलश यात्रा

बगडुआ मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को सोरती का अंडा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इसी हिंदू सम्मेलन के निमित्त शुक्रवार को बगडुआ गांव में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजेबाजे के साथ भैरोजी महाराज मंदिर से शुरू हुआ कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए माताजी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में गांव के धर्मप्रेमी लोग और हिंदू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### 14 वर्षीय बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया

**दिनारा।** थाने में फरियादिया उम्र 30 साल निवासी ग्राम सहरया थाना दिनारा ने रिपोर्ट थाना दिनारा पर अपनी नाबालिग बालिका के गुमने की रिपोर्ट की थी, जिस पर से थाना दिनारा पर दिनांक 21/12/2025 को अपराध क्रमांक 296/2025 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। दिनांक 08.01.26 को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस डी ओ पी करैरा डॉ.आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना दिनारा द्वारा नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने हेतु लगातार प्रयास किये गये एवं संबंधित लोगों से पूछताछ की गयी, दिनारा पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 296/25 धारा 137(2) बीएनएस की अपहर्त बालिका को दस्तयाव किया गया है । उक्त कार्यवाही में उनि. रविन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी दिनारा, सउनि. सुल्तानसिंह, महिला आरक्षक पूजा प्रजापति, सैनिक राकेश परमार, सैनिक सुरेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### एसडीएम ने अवैध कॉलोनी वालों के विरूद्ध जारी किए नोटिस

**करैरा।** करैरा, 9 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के अंतर्गत अवैध कालोनी विकसित करने के कारण जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एसडीएम करेरा अनुराग निंगवाल ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच सर्वे नंबरों के भूमि स्वामियो के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा है। अवैध कालोनी विकसित करने के कारण सर्वे नंबर 2533/1/2/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1.0158 हैक्टर के भूमि स्वामी विनोद कुमार श्रीधर पहारिया को अवैध कॉलोनी का विकास कर 58-59 छोटे-छोटे भूखंडों का विक्रय किया है, वही सर्वे नंबर 1970/ 12/ 1/1/1/1/1/1/1/1 में रकवा रकवा 0. 8568 हेक्टर के भूमि स्वामी भागोनी एवं मिश्रीलाल पुत्र मटूबा जाटव द्वारा 36 से 38 लोगों को भूखंडों का विक्रय किया है, सर्वे क्रमांक 1848/2/1/3/1/1/1/1 रकवा 0.9426 के भूमि स्वामी प्रदीप, सुधीर, राजीव पुत्र गण शंभू दयाल एवं उर्मिला पत्नी शंभू दयाल श्रीवास्तव द्वारा 28 से 31 लोगों को छोटे-छोटे भूखंडों का विक्रय करने, सर्वे नंबर 1846/1/2/4/2/2/1/1/1/1/2 रकवा 0.9551 के भूमि स्वामी राजीव पुत्र शंभुदयाल, उर्मिला पत्नी शंभुदयाल श्रीवास्तव द्वारा 44 से 46 लोगों को छोटे छोटे भूखंडों के विक्रय करने एवं सर्वे नंबर1898/2/1/1/1/1/1 रकवा 2.6779 के भूमि स्वामी संतोष पुत्र बालकिशन त्रिपाठी एवं श्रीमती प्रीति पत्नी प्रमोद गुप्ता द्वारा 25 से 27 छोटे छोटे भूखंडों के विक्रय करने पर एसडीएम अनुराग निंगवाल ने नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर समस्त अभिलेख सहित जवाब मांगा है अन्यथा कार्रवाई हेतु सक्षम अधिकारी को भेजा जाएगा।

### गुरुवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व राहगीर की हुई थी मौत

# दूसरे दिन परिजनों ने बीना-खिमलासा सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा में कृषि उपज मंडी के पास बीना रोड पर गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सहित राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के विरोध में दूसरे दिन शुक्रवार को ग्राम बसाहरी में ग्राम वासियों द्वारा कई घंटे तक शवों को सड़क पर रखकर चक्का जाम किया गया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। जानकारी मुताबिक बाइक सवार प्रमोद पिता जलाम अहिरवार उम्र 35 निवासी बसाहरी जो खिमलासा से कुछ सामान लेकर अपने घर बसाहरी जा रहा था। तभी कृषि उपज मंडी के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाइक सवार और ईंट भट्टे पर जा रहे राहगीर राजू उर्फ पप्पू पिता बलदेव आदिवासी उम्र 58 निवासी बसाहरी को टक्कर मारते हुए सड़क से नीचे उतर कर झाड़ियों में जाकर फंस गई। घटना स्थल पर ही बाइक सवार और राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार चालक अजीत पिता बुंदेल लोधी उम्र 35 और कार सवार राघवेंद्र उर्फ डल्लू राजपूत कार में बुरे तरीके से फंस गए। घटना की सूचना लगते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों की मदद से कार का गेट तोड़कर दोनों को बाहर निकाला गया। घटना में कार चालक अजीत लोधी गंभीर रूप से घायल है। जबकि राघवेंद्र राजपूत सुरक्षित है। पुलिस ने दोनों शवों को बीना सिविल अस्पताल पहुंचाया और पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया गया

#### परिजनों समेत ग्रामीणों ने चक्काजाम कर सहायता राशि की रखी मांग



घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को मृतकों के सिविल अस्पताल में पीएम होने के बाद परिजनों ने बीना-खिमलासा रोड के बसाहरी गांव में शवों को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया है। चक्काजाम की सूचना लगते ही खिमलासा एवं बीना पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों एवं परिजनों को समझाया, लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों की मांग थी कि कार चालक पर कार्रवाई हो एवं मृतकों के नाम परिजनों को सहायता राशि दी जाए। पंचायत की ओर से मौके पर ही अंतिम संस्कार कराने के लिए पांच-पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। चक्काजाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीर परेशान होते रहे।

### 14 को समैया समाज करेगी कवि सम्मेलन का आयोजन बनारस, गोंदिया, इटारसी के कवि होंगे शामिल

**बीना।** समैया समाज 14 जनवरी मकर संक्रांति पर नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित करेगी। मिलन समारोह में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए तारण समाज अध्यक्ष राजेश जगतसाब, मंत्री सचिन समैया ने बताया कि नव वर्ष मिलन समारोह के अवसर पर 14 जनवरी को शाम 7:30 बजे से तारण तरण समैया समाज युवा परिषद् और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सिटी हास्पिटल के पास खुरई रोड स्थित तारण भवन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कवि सम्मेलन में अमेरिका निवासी कवि दानवीर समाजसेवी रश्मि भाई शाह का उनकी सेवाओं और कविताओं के लिए तारण काव्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा। साथ ही समाज के होनहार नगर स्तर पर आयोजित स्नूकर चैंपियनशिप में चैंपियन बनने पर युवा चैम्पियन सम्मान दिया जाएगा। कवि सम्मेलन से पूर्व शाम 7 से 7:30 बजे तक महिला मंडल भक्तांबर जी का पाठ करेंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे होंगी। अध्यक्षता शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया करेंगे।

**यह कवि होंगे शामिल** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि गण कविता पाठ करेंगे। जिनमें बनारस से ओज कवि कमलेश राजहंस, इटारसी से हास्य कवि बृजकिशोर पटेल, गोंदिया से कवयित्री माधुरी किरण, इंदौर से हास्य कवि सत्तेन वर्मा, सुवासरा से ओज गीतकार दिनेश अनल, बीना से संवेदनाओं के गीतकार नरेंद्र जैन कर सलाहकार अपनी कविता का पाठ करेंगे। मंच संचालन कवि सुनील समैया करेंगे। युवा परिषद् अध्यक्ष सनी बड़कुल एवं महिला मंडल अध्यक्ष अंजू तीन शेर ने सभी समाजजनों एवं नगर वासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## करैरा में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता ने जीत लिया सभी का मन



**करैरा।** विकासखंड करैरा में 9 जनवरी को विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखने को मिला। कार्यक्रम में सहायक संचालक स्वीटी मंगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, संकुल प्राचार्य अरविंद यादव विशिष्ट अतिथि रहे तथा बीआरसी विनोद तिवारी ने अध्यक्षता की। आयोजन का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया, जिससे पूरे परिसर में ज्ञान, सृजन और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य अरविंद यादव ने कहा कि विकासखंड स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर जिले स्तर पर भी करैरा का नाम गौरवान्वित करेंगे और आने वाले समय में विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान बनाएंगे। अध्यक्षीय उद्बोधन में बीआरसी विनोद तिवारी ने कहा कि सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया है तथा चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास जताया कि जिले एवं संभाग स्तर पर करैरा विकासखंड की उपलब्धियां और अधिक सशक्त होंगी। विकासखंड स्तर पर आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान, इतिहास एवं भूगोल जैसे विषयों पर आधारित उपयोगी, ज्ञानवर्धक और व्यवहारिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी सोच, प्रयोगशीलता और समस्या समाधान की क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सोलो सॉन्ग, सेमिनार एवं शॉर्ट प्ले जैसी रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को मंचीय प्रस्तुति और अभिव्यक्ति का अवसर मिला। निर्णायक मंडल द्वारा सभी मॉडलों एवं प्रस्तुतियों का बारीकी से अवलोकन कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान का चयन किया गया, जिसके पश्चात चयनित छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिताओं में गणित विषय में सोहना लोधी (मिडिल स्कूल सिर), पर्यावरण में नकुल लोधी (मिडिल स्कूल सिलारपुर), विज्ञान में कुमारी लवली लोधी (मिडिल स्कूल कड़ोरा लोधी), इतिहास में दिव्यांश यादव (कड़ोरा लोधी), राजनीतिक विज्ञान में सोनिया यादव, भूगोल में बादल आदिवासी (मिडिल स्कूल नारही), सेमिनार में उद्देश्य रजक तथा सोलो सॉन्ग में मोहनी ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विकासखंड करैरा का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएसी महेश कुमार लोधी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न कराया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में सुल्तान बिग मिर्जा, दिलीप जोशी, भगवान सिंह यादव, पूजा शर्मा, राजेश्वरराम बैरागी, धर्मेंद्र जैन, बृजेंद्र बेस एवं नीरज गुप्ता उपस्थित रहे, वहीं सीता सेंटर स्कूल के फाउंडर रमेश चंद्र बाजपेई की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। जनपद शिक्षा केंद्र करैरा की ओर से बीएसी अनिल चौरसिया, संतोष गुप्ता, लखन लाल गुप्ता, प्रवीण शर्मा, शिवराम गुप्ता, राकेश ओझा, रविंद्र श्रीवास्तव, बृजमोहन, ओम प्रकाश, अभिषेक दुबे, मानवता एवं लालाराम आदि लोग भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## कई मुस्लिम कार्यकर्ताओं कांग्रेस छोड़ भीम आर्मी, आज़ाद समाज पार्टी में आए




**करैरा।** करैरा नगर की राजनीति में महत्वपूर्ण मोड़ देखने को मिला, जब वार्ड नंबर 5 स्थित काजी मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता अभियान प्रदेश सचिव महेंद्र बौद्ध के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जहां उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में वर्षों से निष्ठावान रहे जमीनी कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, उनकी समस्याओं पर न तो संगठन में चर्चा होती है और न ही नेतृत्व तक उनकी बात पहुंचती है। महेंद्र बौद्ध ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस अब विचारधारा से भटक चुकी है और वह केवल चुनिंदा चेहरों तक सीमित होकर रह गई है, जबकि मेहनत करने वाले लोगों को सिर्फ चुनाव के समय याद किया जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा में अब कोई बुनियादी फर्क नहीं बचा है, दोनों दल सत्ता और स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं, जिससे आम जनता, विशेषकर अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने खुलकर अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि पार्टी के भीतर उनकी न तो सुनवाई हुई और न ही सम्मान मिला, बार-बार ज्ञापन देने और मांगें रखने के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी रहीं। इसी उपेक्षा और निराशा के चलते उन्होंने सामूहिक रूप से भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के विचारों पर भरोसा जताया और सामाजिक न्याय, बराबरी तथा अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया। महेंद्र बौद्ध ने कहा कि यह पार्टी सिर्फ चुनावी मंच नहीं, बल्कि आंदोलन है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक हक और सम्मान पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रही है, औरकरैरा सहित पूरे क्षेत्र में संगठन को और सशक्त किया जाएगा। सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और अन्य उपेक्षित लोगों को इस संघर्ष से जोड़ेंगे, जिससे मजबूत राजनीति खड़ी हो सके।

## विराट हिन्दू सम्मेलन करैरा में जुटेगी आज हजारों की भीड़, तैयारी हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इकाई द्वारा आज विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। यह सम्मेलन आज दोपहर 12 बजे स्थानीय विश्राम गृह से कलश यात्रा के साथ आरंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। इस विराट आयोजन में संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में पधार रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में साधु-संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं और हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज में सामाजिक एकता को मजबूत करना, राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना है।




सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा समाज को जातिगत भेदभाव और आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का संदेश दिया जाएगा, साथ ही सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया जाएगा। विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ह्यपंच परिवर्तनह्न के संकल्पों पर व्यापक चर्चा की जाएगी, जिनमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी की भावना और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। सम्मेलन में यह संदेश दिया जाएगा कि मजबूत परिवार, जागरूक समाज और जिम्मेदार नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। युवाओं को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने, सेवा कार्यों से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं सनातन परंपराओं, भारतीय संस्कृति और मूल्यों की रक्षा को लेकर भी विचार रखे जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों में सांस्कृतिक चेतना बनी रहे। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के सम्मेलन समाज को जोड़ने, आपसी सौहार्द बढ़ाने और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का माध्यम बनते हैं। विराट हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से करैरा में सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे समाज संगठित होकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सके।

### गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित

**अशोकनगर।** करुणा निधि सेवा समिति ने वृद्ध बेसहारा और दिव्यांग लोगों को प्रत्येक वर्ष की भांति भोजन करवा कर ठंड से बचने के लिए गोपालगंज अशोकनगर में कंबल वितरित किए। साफ रहने के लिए समिति अध्यक्ष ने प्रति माह की भांति साबुन वितरण भी करवाएं। इस मौके पर करुणानिधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन ,प्रदीप शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमर सिंह खजुरिया, रामबली सिंह डगोरा और अशोक रघुवंशी उपस्थित रहे।

## सरपंच ने पुत्र के जन्मदिन पर केवट बस्ती में बांटे गर्म कंबल

**समोहा में केक काटकर पूरी बस्ती को कराया भोज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

तहसील मुख्यालय से 20 किमी दूर समोहा ग्राम की सरपंच सुनीता लोधी व शिक्षक इंद्रपाल लोधी ने अपने बेटे प्रिंस लोधी के जन्मदिन पर सर्दियों का मौसम देखते हुए ग्राम की केवट बस्ती में जन्मदिन के मौके पर एक सैकड़ा लोगों को गर्म कंबल बांटे गए साथ ही सभी बस्ती बालों को सपरिवार सहभोज कराया गया।

बस्ती वासियों ने कहा कि लोग जन्मदिन पर फिजूलखर्च करते हैं लेकिन सरपंच द्वारा अपने बेटे के जन्मदिन पर गर्म कंबल बांटकर व भोज कराकर यह अनुकरणीय पहल



की है इससे अन्य लोग जो जन्मदिन पर फालतू खर्च करते हैं उनको सीख लेना चाहिए।

इस अवसर पर कदम सिंह लोधी उप सरपंच,जगदीश केवट,जसवंत लोधी,संजय लोधी,बल्ला लोधी,नेपाल,राहुल आदि लोग उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने मेला आयोजन पर करीला में बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# मेला तैयारियों के लिए कलेक्टर ने देखीं जरूरी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पार्किंग स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, आवागमन, साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग एवं दुकानों हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने करीला में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने







पेयजल, लाइट, साफ सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए।

#### सड़कों को पक्का करने और पानी को लेकर निर्देश

उन्होंने मेला परिसर की सड़कों को पक्का किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कौंचा डेम पहुंचकर होमगार्ड जवानों की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कौंचा डेम बैरीकेटिंग एवं पानी के रिसाव को ठीक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मेले को सेक्टरों में विभाजित किया जाये जिससे अगली बैठक सेक्टरवार समीक्षा की जा सके। साथ ही उन्होंने सेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त जाने हेतु आदेश जारी किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

#### वैकल्पिक मार्ग को लेकर स्थल का चिन्हाकंन

उन्होंने करीला पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग के अतिरिक्त आवागमन हेतु परिवर्तित बैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हेतु स्थल का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही कैमरे,पीएम सिस्टम एवं खोया पाया केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि टेंकरों की फिलिंग पाइंट वही पर रहे यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर हाईमास्क लाईट लगाई जाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये।

#### मध्यप्रदेश के मेलों में करीला मेला 5 टॉप में शामिल

धर्मस्य विभाग भोपाल के मेला तीर्थ प्राधिकरण डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यप्रदेश मे जो मेले लगते है वह करीला मेला टॉप 5 मेला में आता है। उन्होंने कहा कि इस मेले में नवाचार के साथ साथ इस मेले के प्रबंधन को बेहतर बनाने जाने हेतु समय सीमा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ एक टीम बनाकर काम करे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक मात्र स्थान करीला है जहां पर बधाई नृत्य होता है, बधाई नृत्य को देखने दूर दूर से श्रृद्धालुओं आते है। बैठक में जिला वनमण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,एसडीएम मुंगावली इसरार खान एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।